# QUESTION PAPER

## HINDI

Kerala Plus One • Second Term Evaluation • December 2018

**BOOK • FLIP STYLE EDITION**

Class. No: ..........................................................

Name : ..........................................................

**FSE 05**

# FIRST YEAR HIGHER SECONDARY
# SECOND TERMINAL EVALUATION : DECEMBER-2018
## Part-II
## HINDI
## Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours
Cool-off Time : 15 Minutes

***General Instructions to Candidates:***

- There is a 'Cool off time' of **15** minutes in addition to the writing time.
- Use the 'Cool off time' to get familiar with questions and to plan your answers.
- Read questions carefully before answering.
- Read the instructions carefully.
- Calculations, figures and graphs should be shown in the answer sheet itself.
- Give equations **wherever** necessary.
- Electronic devices except non-programmable calculators are not **allowed** in the Examination Hall.

**सूचना : निम्नलिखित कवितांश पढिये और 1 से 3 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए।**

मनु नहीं मनु-पुत्र है यह सामने, जिसकी,

कल्पना की जीभ में भी धार होती है,

बाण ही होते विचारों के नहीं केवल,

स्वप्न के भी हाथ में तलवार होती है।

स्वर्ग के सम्राट को जाकर खबर कर दें,

रोज़ ही आकाश चढते जा रहे हैं ये,

रोकिए, जैसे बने, इन स्वप्नवालों को

स्वर्ग की ही ओर बढते आ रहे हैं ये।

1. इस कवितांश के रचयिता कौन है? (Score : 1)

(जयशंकर प्रसाद, रामधारी सिंह दिनकर, पवन करण)

2. मनु के स्थान पर आज कौन है? (Score : 1)

3. प्रगतिवाद की विशेषताओं के आधार पर कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखिए। (Score : 6)

4. सही मिलान करें। (8×1=8)

| | |
|---|---|
| a) Chats | a) कुडेदान |
| b) Format | b) उपयोगकर्ता का नाम |
| c) Internet | c) संकेत |
| d) Programme | d) खोज |
| e) Search | e) प्रक्रम |
| f) Symbol | f) अंतर्जाल |
| g) Thrash | g) बातचीत |
| h) User name | h) प्रारूप |

सूचना : निम्नलिखित 5 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन का एक या दो वाक्यों मे उत्तर लिखिए। (3×2=6)

5. ''इस पत्थर की बैंच के लिए भी

शुरू हो सकता है किसी दिन

हस्याओ का सिल-सिला''

पत्थर की बैंच के लिए क्या शुरू हो सकता है?

6. ''जिस दिन हम इस लक्ष्य पर पहूँच जाएँगे, उसी दिन स्वराज्य सूर्य का उदय होगा।''

यहाँ इब्राहिम अली के चरित्र की कौन सी विशेषता प्रकट होती है?

7. ''जो कुछ अपने सुंदर से हैं

दे देने दो इनको।''

प्रेमयुग्मों को आपस में क्या दें देना है?

8. ''रोज का मामला है..... कब तक उतरता रहेगा.... ये लोग नाटक भी खूब कर लेते हैं, इनके साथ हमदर्दी जताना बेवकुफ़ी होगी.....।

यात्री ने असलम के प्रति हमदर्दी क्यों नहीं दिखाई?

सूचना : 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं चार का उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए। (4×4=16)

9. निम्नलिखित दोहा पढिए।

साई इतना दीजिए, जामें कुटुंब समाय ।

मैं भी भूखा न रहूँ, साधु न भूखा जाय ॥

जीवन की शाँति सादगी में है। दोहे का आशय स्पष्ट कीजिए।

10. 'जुलुस' नाट्यरूपांतर के दीनदयाल के ये कथन पढिये।

- जुलूस निकालने से स्वराज मिल जाता तो कब का मिल गया होता ।
- नया दारोगा बीरबल सिंह बडा जल्लाद है मैकु ।
- दुकान बंदकर, मैं भी तुम्हारे साथ चलता हूँ मैकु ।

इन कथनों के आधार पर दीनदयाल के चरित्र पर टिप्पणी लिखिए ।

11. जीवनवृत्त पढिए।

**जीवन-वृत्त**

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | चन्द्रकांत देवताले |
| जन्म | : | 7 नवंबर, 1936 |
| जन्मस्थान | : | बैतूल जिला, मध्यप्रदेश |
| प्रमुख रचनाएँ | : | पत्थर की बेंच, उसके सपने |
| पुरस्कार | : | माखनलाल, चतुर्वेदी पुरस्कार, मुक्तिबोध, फेलोशिप |
| विशेषताएँ | : | समकालीन कविता के सशक्त दस्तात्तर नूतन विचारधारा के वाहक |
| संप्रति | : | पत्रकारिता एवं स्वतंत्र लेखन में व्यस्त |

इस जीवनवृत्त के आधार पर चन्द्रकांत देवताले के बारे में एक अनुच्छेद लिखिए।

12. पत्थर की बैंच

जिसपर अंकित है आँसु, थकान

विश्राम और प्रेम की स्मृतियाँ।

पत्थर की बैंच इंसानियत का, शाँति का, विश्राम का, तसल्ली का, प्यार का प्रतीक है।

कवितांश का विश्लेषण कीजिए और अपना मत प्रकट कीजिए।

13. आनंद की फुलझड़ियाँ निबंध का अंश पढ़ें।

"आज भी वह रकम अमेरिका में जरूरतमंदों के हाथों में घूम रही है।" अपने कर्म से दूसरों को खुशी मिलने पर हमें बहुत संतोष का अनुभाव होता है

बेंजमिन फ्रेंकलिन को अपने कर्म से कितनी खुशी मिली होगी? अपना विचार प्रकट करें।

- विद्यार्थी द्वारा मदद माँगना
- सालों बाद रकम लौटाना
- जरूरतमंदों की सहायता करने का निर्देश देना।

**सूचना : 14 से 17 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर लिखिए। (3×6=18)**

**14.** असलम को डाक्टर से मालूम हो जाता है कि उसके दोनों गुर्दों में खराबी है। इस संबन्ध में असलम और डाक्टर के बीच का वार्तालाप तैयार करें।

- पेट में दर्द
- गुर्दों में खराबी
- रिक्शा चलाने से मना करना
- असलम के परिवार की बुरी हालत

**15.** निम्नलिखित अंग्रेज़ी संवाद का हिंदी में अनुवाद कीजिए।

Vipin : What are you thinking?

Arun : I am thinking about the 'Right to Information Act'

Vipin : Do you know, this act is very helpful to the society.

Arun : How?

Vipin : We will get information from any department.

Arun : How is it possible?

Vipin : By sending an application to the Public Information officer of the department

Arun : It is very nice, Thank you.

(Right to Information Act-सूचना अधिकार अधिनियम, Application-आवेदन, Society-समाज, Department-विभाग, Possible-संभव)

16. कुछ अभिमान से और कुछ विनय से वह धीरे से बोला, ''जी हाँ, मेनेजर साहब ने भी इस बारे में मेरी तारीफ की है, हाईस्कूल में मुझे हस्तलिपि के लिए पहला पारितोषिक भी मिला था।''

उस दिन बैंक में हुई घटना को क्लर्क ने अपनी डायरी में लिखा। उसकी डायरी कल्पना करके लिखें।

- रोज रूखे आँकडों से माथापच्ची करना।
- हिज़ाब खोलने के लिए एक ग्राहक का आना।
- हस्तलिपि की प्रशंसा करना।
- पहली बार आनंद का अनुभव होना।

17. ''अवयवदान महादान''-यह संदेश आम जनता तक पहूँचाने के लिए स्कूल के हेल्थ क्लब द्वारा पोस्टर लेखन प्रतियोगिता आयोजित है। इसकी सूचना देनेवाला पोस्टर तैयार करें। (स्थान, तारीख आदि की सूचना भी दें)

सूचना : निम्नलिखित खण्ड पढ़िए और 18 और 19 प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

रूपया कमाना सबके हाथ की बात नहीं है, न शिक्षा पाकर डिग्रियाँ हासिल करना सबकी पहूँच में है, लेकिन हम सब चाहें तो आनंद और सुख की रश्मियाँ बिखेरकर दुनिया के दुःख को कुछ-न-कुछ हल्का ज़रूर कर सकते हैं और जिन लोगों से हमारा संबंध है, उनके जीवन में कुछ-न-कुछ प्रसन्नता तो ज़रूर ही ला सकते हैं। लडाई, गरीबी, महँगाई और गुलामी से हमारा जीवन तो वैसे ही मुसीबतों से भरा पडा है। फिर भी हम उसमें कुछ सुख और आह्लाद फैलाकर जिंदगी की लडाई को सहने लायक और जीवन को जीने लायक तो बना ही सकते हैं, बशर्तदम उसका ज़रा खयाल रखें।

18. सब लोग क्या कर सकते हैं? **(Score : 2)**

19. खंड का संक्षेपण कीजिए और शीर्षक दीजिए। **(Score : 6)**

**सूचना : 20 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो का उत्तर लिखिए।** **(2×8=16)**

20. ये सुर्खियाँ पढिए।

| |
|---|
| केरल में महाप्रलय, अनेक लोग बेघर |

| |
|---|
| सरकार दस हज़ार रूपये के तुरंतराहत देगी |

| |
|---|
| तुरंतराहत अपर्याप्त : शिकायतों का प्रलय |

केरल में महाप्रलय से पीडित लोगों को तुरंतराहत (Emergency relief) देने के लिए सरकार द्वारा की गई कारवाईयाँ की सूचना पाने के लिए राजीवकुमार, 387A ,मानसरोवर, पत्तनंतिट्टा, की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, सार्वजनिक प्रशासन विभाग, केरल सरकार के नाम पर सूचना का अधिकार पत्र तैयार करें।

21. सूचकों की सहायता से किसी मनपसंद फिल्म की समीक्षा कीजिए।

- फिल्म का कथासार
- पात्रों का अभिनय
- पटकथा, संवाद, छायांकन, संपादन
- निदेशक की भूमिका
- फिल्म के प्रति अपना दृष्टिकोण

22. "ईद दिवस" समारोह के सिलसिले में "मानवता का कोई धर्म नहीं" - विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

संगोष्ठी में प्रस्तुत करने के लिए एक आलेख तैयार कीजिए।

- धर्म, जाति, विश्वास आदि के नाम पर संघर्ष
- मानव एकता की आवश्यकता
- आपदा में सब एक समान (Disaster)
- एक में शक्ति

---